दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　दिनांक– 08 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पिछले बारह वर्षों में गरीब कल्याण और समावेशी विकास को मिली नई गति।

02 राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में पच्चीस महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी। जी राम जी योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को मिली स्वीकृति।

03. विधान परिषद की दस सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए एनडीए के नौ और महागठबंधन से एक उम्मीदवार ने नामांकन किया।

04. और, आकाशवाणी लोक प्रसारण सेवा के गौरवशाली नब्बे वर्ष आज पूरे। देशभर से मिली शुभकामनाएं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के हित में सरकार की 12 वर्ष की विकास यात्रा को रेखांकित किया है। श्री मोदी ने आज कहा कि इस दौरान देश कई बदलावों का साक्षी बना तथा गरीब कल्याण और वंचित वर्ग इन बदलावों के केंद्र बिंदु में रहा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय हमेशा से सरकार के लिये प्रेरणा स्रोत रहा और यही कोशिश रही कि विकास का लाभ दशकों से पीछे छूट गये लोगों तक पहुंचे।

———बाइट———

पिछले 11 साल में देश में 25 करोड लोगों ने गरीबी को हराया है, गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर के 25 करोड़ का एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के रूप में आज देश के अंदर बहुत बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस नियो मिडिल क्लास की अपनी एक्सप्रेशंस हैं, अपने सपने हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण यात्रा व्यक्ति के सशक्तिकरण और 'विकसित भारत' का सपना साकार करने का सामूहिक अभियान बन गया है।

———बाइट———

गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, गरीब कल्याण, गरीब की सेवा, उसके जीवन में बेहतरी, देश का विकास देश के संसाधन आखिरी व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव पहुंचे यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही। आज हर जरूरतमंद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण खाने की चिंता से मुक्त है।

इधर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने भारत को अवसर, नवाचार और आत्मविश्वास से प्रेरित आकांक्षी राष्ट्र में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था वर्तमान में लगभग 9 अरब डॉलर की है। इसके अगले सात से आठ वर्षों में बढ़कर 45 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज हुई बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में 25 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन, ग्रामीण, जी–राम जी योजना को स्वीकृति दी गई। यह योजना आगामी एक जुलाई से राज्य में लागू होगी। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को वित्तीय वर्ष दो हजार छबबीस–सत्ताईस के रबी मौसम से राज्य में पुनः लागू करने की मंजूरी दी। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत बिहारशरीफ, हाजीपुर, बेगूसराय और सहरसा में जलापूर्ति तथा सीवरेज परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इसके अलावा जल जीवन मिशन 2.0 के क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की सैद्धांतिक सहमति भी दी गई। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को मई, जून और जुलाई महीने की पेंशन राशि के भुगतान के लिए तीन हजार 662 करोड़ रुपये से अधिक की अग्रिम स्वीकृति भी दी गई।

---

विधान परिषद की नौ सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन का समय आज समाप्त हो गया। दस सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए एनडीए के नौ और महागठबंधन से एक उम्मीदवार ने नामांकन दर्ज किया। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

नामांकन के अंतिम दिन आज प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज रहीं। विधानसभा परिसर में दिनभर नेताओं और समर्थकों की आवाजाही बनी रही। सत्तारूढ़ एनडीए के नौ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जनता दल यूनाइटेड की ओर से मंत्री निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई सीट के उपचुनाव के लिए ललन

प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से भोजपुरी फिल्म अभिनेता से नेता बने पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित ने नामांकन पत्र दाखिल किया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अशरफ अंसारी ने भी पर्चा भरा। जबकि महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार डॉ. सुनील कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया। राज्य मंत्रिमंडल में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता दीपक प्रकाश ने नामांकन दाखिल नहीं किया। एनडीए उम्मीदवारों के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहे। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि ग्यारह जून है। आकाशवाणी समाचार के लिए, पटना से आशीष रंजन।

लोक जनशक्ति पार्टी आर के उम्मीदवार अशरफ अंसारी ने नामांकन भरने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रति आभार जताया और कहा कि वे पार्टी के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

———बाइट———

पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि संगठन के हर सदस्य को आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।

———बाइट———

इधर, जदयू उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने अपने ऊपर भरोसा जताने के लिए पार्टी को धन्यवाद दिया।

———बाइट———

इधर, राजद से विधान परिषद सीट के उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि पार्टी की संख्या बल भले कम हो, हम पार्टी के झंडे को नहीं झुकने देंगे।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने उन अटकलों को खारिज किया है, जिसमें उनके पुत्र दीपक प्रकाश को विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करने की बात कही गई थी।

———बाइट———

————————————————————————————————

आकाशवाणी के आज गौरवशाली नब्बे वर्ष पूरे हो रहे हैं। वर्ष उन्नीस सौ छत्तीस में आज के ही दिन इंडिया स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस को ऑल इंडिया रेडियो नाम दिया गया था। यह दिवस देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण इतिहास में विशिष्ट अवसर के रूप में अंकित है, जिससे पीढ़ियों तक राष्ट्र की चेतना से जुड़ने वाली वाणी का अभ्युदय हुआ।

———बाइट———

आजादी के बाद ऑल इंडिया रेडियो का तेजी से विस्तार हुआ और 1956 में इसे आकाशवाणी का नाम दिया गया। आज आकाशवाणी के 591 केंद्र कार्यरत हैं जिनसे 23 भाषाओं और 146 बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण होता है। इनकी पहुंच देश की 98 प्रतिशत आबादी तक है। आकाशवाणी का विदेश सेवा विभाग भारतवंशियों को एकजुट करते हुए विश्व के एक सौ से अधिक देशों में भारत की आवाज पहुंचा रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श पर आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग रेडियो प्रसारण के सर्वोच्च मानकों का अनुपालन करते हुए चौबीसों घंटे सभी प्रमुख भाषाओं और बोलियों में समाचारों और समाचार कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

संसदीय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वीडियो संदेश में आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने पर आकाशवाणी परिवार को शुभकामनाएं दी है।

———बाइट———

बहुत खुशी के साथ पूरे आकाशवाणी परिवार को बधाई देता हूं। 90 साल आपने पूरा किया है 90 साल पूरा होने पर मेरे शुभकामनाएं हैं। पूरा देश आकाशवाणी के साथ जुड़ा हुआ है। आकाशवाणी के माध्यम से हमारा भारत एक भारत, श्रेष्ठ भारत रहे, मेरा यह शुभकामना है।

भारतीय जनता पार्टी के विधायक और बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ. संजीव चौरसिया ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दी है।

———बाइट———

————————————————————————————————

आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक देश में चार करोड़ से अधिक आवास बनाए जा चुके हैं। इनमें नल से पानी, रसोई गैस और शौचालय जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने इसे आवास क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव बताया जिससे लाखों गरीब परिवारों के लिये सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में समावेशी विकास को नयी गति मिली है और गरीब कल्याण योजना पूरे विश्व के लिए उदाहरण बन गई।

———————————————————————————

प्रदेश में उमसभरी गर्मी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ 40 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस के अधिकतम तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इस दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जतायी है।

———बाइट———

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बलथर और भंगहा क्षेत्र में अलग अलग कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कार पर लदे एक सौ ग्यारह क्विंटल से अधिक गांजा के साथ दो तस्करो को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने ठगी गिरोह का खुलासा करते हुये तीन अंतर्राज्यीय ठग को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत देव मोड़ के पास एक पर्यटक बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर में तीन पर्यटकों की मौत हो गइ। वहीं, कि बीस अन्य पर्यटक घायल हो गए। घायलों में आठ की हालत गंभीर बनी हुई है।

---

रोहतास जिले में नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्तररबिगहवा गांव के पास एक ऑटो और पिकअप वाहन की आमने–सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने छह ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियो के पास से एक चार पहिया वाहन और सवा लाख रुपये नकद भी बरामद किया है।

---

अररिया जिले के आर. एस. थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से दो सौ अट्ठाईस लीटर बीयर बरामद किया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पिछले बारह वर्षों में गरीब कल्याण और समावेशी विकास को मिली नई गति।

02 राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में पच्चीस महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी। जी राम जी योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को मिली स्वीकृति।

03. विधान परिषद की दस सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए एनडीए के नौ और महागठबंधन से एक उम्मीदवार ने नामांकन किया।

04. और, आकाशवाणी लोक प्रसारण सेवा के गौरवशाली नब्बे वर्ष आज पूरे। देशभर से मिली शुभकामनाएं।

---

समाप्त